न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– डॉ. अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 178/2026

विक्रम सिहं पता :– गोदारों का बास, बड़ापाना भौड़की तहसील गुढागौड़जी जिला झुंझुनू
पिनकोड 333032 मो.न. 9784500632

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढ़ागौड़जी

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 04.05.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 22.04.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 178/2026 पर दिनांक 22.04.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढ़ागौड़जी के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढ़ागौड़जी को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढ़ागौड़जी से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2026/1242–43 दिनांक 23.04.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढ़ागौड़जी ने पत्रांक आरटीआई/2026/134 दिनांक 01.05.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया अपीलार्थी द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाही गई थी। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना इस कार्यालय के पत्रांक सू.अ./2026/99 दिनांक 23.03.2026 के द्वारा जरिये डाक उपलब्ध करवा दी गई थी। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) गुढ़ागौड़जी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना चाही गई थी। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना उनके कार्यालय के पत्रांक सू.अ. /2026/99 दिनांक 23.03.2026 के द्वारा जरिये डाक उपलब्ध करवा दी गई थी। अतः अपीलार्थी का सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 04.05.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनू